रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2024/2042 जबलपुर दिनांक 28–06–2024

संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातक (बी.ए./बी.काम.) प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष NEP (नई शिक्षा पद्धति) एवं बी.ए./बी.काम. तृतीय वर्ष पुरानी शिक्षा पद्धति (अंतिम अवसर) मई–जून 2024 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन के माध्यम से भराये जाने की तिथि एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार है। स्वाध्यायी के नवीन परीक्षार्थी नामांकन कराने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें।

तिथियां

नवीन परीक्षार्थियों की नामांकन शुल्क –	330/–
ईमीग्रेशन शुल्क (म.प्र. से बाहर के विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को देय होगा)	330/–
आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं नामांकन करने की तिथि–28.05.2024 से	10.07.2024 तक (बिना विलंब शुल्क के)
विलंब शुल्क 100/– के साथ	15.07.2024 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	20.07.2024 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरणः–	स्वाध्यायी छात्र	भूतपूर्व छात्र
बी.ए./बी.काम. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष	2460/–	2460/–

1 जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण की है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र न भरें। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जबाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा।

नोटः– विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100/– प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

(1) इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरते।

(2) जो परीक्षार्थी इसी विश्वविद्यालय से वर्ष 2023 में स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण किया है विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त रोल नम्बर/नामांकन क्रमांक के आधार पर प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी परीक्षार्थी द्वारा चुने गये अग्रेषण महाविद्यालय में जमा की जायेगी।

(3) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय परीक्षार्थियों से परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 22 जुलाई, 2024 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200/– रू. विश्वविद्यालय में जमा करायेंगे ।

(4) तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल **Approvel** करेगा उसके पश्चात् **Admit card** एवं **Second Signature Sheet** जनरेट होगी। **Online** आवेदन की हार्डकापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 25/07/ 2024 तक विश्वविद्यालय में संबंधित कार्य सहायक के पास जमा करें।

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन 4 गैप सर्टिफिकेट

कुलगुरू जी के आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
28/06/24

पृ.क्र./परीक्षा/2024/2042अ   जबलपुर, दिनांक 28–06–2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः–

01. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।
02. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. आनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।
03. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
04. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।
05. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

उप कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

...क्षा संचालन शुल्क 200/–रु.